# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–22 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

उत्तर प्रदेश दिवस चौबीस जनवरी को मनाया जाएगा। इससे पहले आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया के जरिये विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को दोहराने की अपील करते हुए उप्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। 'योगी की पाती' नाम से साझा पोस्ट में श्री योगी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ बन कर उभरा है। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में पलायन की पीड़ा और बेरोजगारी का दंश समाप्ति की ओर है लेबर रिफॉर्म, डी–रेगुलेशन, एमएसएमई, कौशल विकास, स्टार्टअप और ओडीओपी ने प्रदेश को लोकल से ग्लोबल की दिशा में अग्रसर करते हुए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित किए हैं। असीम संभावनाओं वाला हमारा प्रदेश संघर्ष और नीतिगत उदासीनता की बेडियों को तोड़ते हुए बीमारू राज्य से भारत के विकास का ग्रोथ इंजन बन गया है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मेरठ के सलावा स्थित प्रदेश के पहले मेजर ध्यान चंद राज्य खेल विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को इक्कतीस मई दो हजार छब्बीस तक विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र शुरू करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर श्री योगी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि पिछले ग्यारह वर्षो में देश में खेलों को लेकर एक नई संस्कृति विकसित हुई है। खेलो इण्डिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं ने खेलों को नई दिशा दी है।

**आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान हो, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम, जनपद स्तर पर एक स्टेडियम का निर्माण, विधायक खेलकूद प्रतियोगिता और ग्रामीण लीग की प्रतियोगिताओं के माध्यम से खेल संस्कृति को एक नई ऊँचाई देने का प्रयास किया।**

**********

छियासिवें पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में आए पीठासीन अधिकारियों का दल आज अयोध्या पहुंचा। वहां उनका पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। सभी अतिथियों ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन किए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि देशभर से आए लगभग चार सौ पीठासीन अधिकारियों ने आज श्रीराम लला के दर्शन किए।

**********

वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई चैटबॉट की सुविधा शुरू की है। इसके जरिये मंदिर आने वाले देश–विदेश के श्रद्धालु कहीं से भी मंदिर से जुड़ी जानकारी और सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। यह चैटबॉट मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मौजूद है।

**********

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के आज ग्यारह वर्ष पूरे हो गए हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में बेटियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।एक रिपोर्ट–

**देश में लैंगिक असंतुलन और गिरते लिंगानुपात की गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी, 2015 को हरियाणा के पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना ने सरकार, नागरिक समाज, मीडिया और आम जनता को एक साथ जोड़ते हुए लैंगिक भेदभाव के खिलाफ एक व्यापक अभियान को मजबूती दी है। इससे बेटी के महत्व को लेकर सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव आया है और उसके अधिकारों सम्मान तथा अवसरों को सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस प्रयास हुए हैं। बेटी बचाओ, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंगानुपात बढ़कर 930 हो गया है जो वर्ष 2014–15 में 918 था। अनुपम मिश्र के साथ अंकित कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि शिक्षित, संस्कारी एवं स्वावलंबी बेटियां नए भारत की पहचान हैं।

**********

राष्ट्रपति भवन परिसर में स्थित अमृत उद्यान तीन फरवरी से इकतीस मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। एक रिपोर्ट–

**अमृत उद्यान के लिए पंजीकरण और प्रवेश निशुल्क है। बुकिंग विजिट डॉट राष्ट्रपतिभवन डॉट जीओवी डॉट इन पर की जा सकती है। आगंतुक प्रवेश द्वार के बाहर बने स्वयं सेवा क्योस्क से सीधे टिकट ले सकते हैं। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास नॉर्थ एवेन्यू मार्ग के पास स्थित गेट संख्या 35 से होगा। आगंतुको की सुविधा के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट नंबर 35 तक सुबह 9.30 बजे से शाम 6.00 बजे के बीच हर 30 मिनट पर शटल बस सेवा उपलब्ध रहेगी। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में कल कहीं कहीं बिजली गिरने और झोंकेदार हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

**********